# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर, जिला हनुमानगढ़

## पीठासीन अधिकारी :–सत्यनारायण आर.ए.एस.

मि0न0 – 26/2022

अनवान : –

1. नरेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद जाति जाट निवासी जसाना तहसील नोहर।

–सायल

बनाम्

1. गुमानसिंह
2. मंगतुसिंह
3. सुल्तान सिंह

पि0 भोपाल सिंह जाति राजपुत निवासी जसाना तहसील नोहर

4. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

–असल गैरसायलान

5. राजबाला पत्नी नरेश कुमार जाति जाट निवासी जसाना तहसील नोहर।

–तरतीबी गैरसायल

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए आरटीएक्ट

उपस्थिति :–श्री रामकुमार बैनीवाल अधिवक्ता प्रार्थी
श्री महेशचन्द्र शर्मा अधिवक्ता अप्रार्थीगण

निर्णय दिनांकः 27/01/23

संक्षेप में प्रार्थना के तथ्य इस प्रकार है कि रोही मौजा 21 जे.एस.एन. तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत् 2077–2080 के खाता स0 32/37 के प0 न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 1,2,9 ता 12, 19 ता 22 की कुल 2.5300 हैक्ट खातेदारी भूमि सायल व तरतीबी गैरसायल के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है तथा रोही मौजा 21 जेएसएन तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत् 2077–2080 के खाता स0 19/19 प0न0 319/408 के मु0न0 49 के किला न0 20 ता 24, 25/1, 25/2 व प0न0 319/409 के मु0न0 64 के किला न0 3, 4, 5/1, 5/2, 6/1, 6/2, 7 ता 8, 13 ता 14, 15/1, 15/2, 16/1, 16/2, 17 ता 18, 23 ता 24, 25/1, 25/2 की 5.3110 हैक्ट खातेदारी भूमि गैरसायल स0 1 ता 3 के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

सायलाा व तरतीबी गैरसायल अपनी खातेदारी भूमि में आवगमन हेतु रोही मौजा 21 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 19/19 के प0न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 23, 24, 25 में दक्षिण दिशा से पूर्व से पश्चिम होकर अपने खेत रोही मौजा में प्रवेश करते, उक्त रास्ता सायलान के लिए सबसे नजदीक व सुविधाजनक है। इसके अलावा अन्य कोई भी रास्ता सायलान की खातेदारी में प्रवेश करने के लिए उपलब्ध नहीं है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.18 15:30:04 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर (हनुमानगढ़)

सायलान की कृषि भूमि गैरसायल के चपते हुए है इसलिए सायलान व तरतीबी गैरसायलान रास्ते के बदले अपनी कृषि भूमि 21 जे.एस.एन. तहसील नोहर के खाता स0 32/37 के प0 न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 2, 9, 12, 19, 22 में पश्चिम दिशा में प्रत्येक किले 0.0078 हैक्ट दक्षिण से उतर की भूमि जो गैर सायल के चिपते हुए है गैरसायलान स0 1 ता 3 को देने को तैयार है। इस प्रकार सायलान अपनी खातेदारी के नियमित उपयोग –उपभोग के लिए उक्त प्रस्तावित रास्ता स्वीकृत करवा पाने की कानूनी अधिकारी है।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैरसायलान को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामिल होने के बाद गैरसायल सं0 1 ता 3 व तरतीबी प्रतिवादीगण ने जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया तथा गैरसायल स0 4 द्वारा स्टेट जवाब पेश किया गया।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थीया ने कथन किया कि सायल अपनी खातेदारी के नियमित उपयोग –उपभोग के लिए उक्त प्रस्तावित रास्ता का उपयोग करता है। जो गैरसायलान 1 ता 3 द्वारा जवाब इकबाल प्रस्तुत कर स्वीकार किया गया है। इसके अलावा प्रार्थी के पास अन्य कोई भी वैकल्पिक रास्ता नही है। सायल रास्ता की एवज की भूमि के बदले गैरसायलान स0 1 ता 3 को भूमि देने को तैयार है। इस प्रकार रोही मौजा 21 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 19/19 प0न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 23, 24, 25 में से दक्षिण दिशा में में 1–1 बिस्वा रास्ता पूर्व से पश्चिम दिशा में स्वीकृत कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का निवेदन है तथा सायल व तरतीबी गैरसायल रास्ते के बदले अपनी कृषि भूमि 21 जे.एस.एन. तहसील नोहर के खाता स0 32/37 के प0 न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 2,9,12,19,22 में प्रत्येक किला में 0.0078 हैक्ट पूर्वी दिशा में दक्षिण से उतर की भूमि जो गैर सायल स0 1 ता 3 के चिपते हुए है गैरसायलान स 1 ता 3 को देने को तैयार है। वकील गैरसायल ने सहमति प्रकट की।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में रोही मौजा 21 जे.एस.एन. तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत् 2077–2080 के खाता स0 32/37 के प0 न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 1,2,9 ता 12, 19 ता 22 की कुल 2.5300 हैक्ट खातेदारी भूमि सायल व तरतीबी गैरसायल के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है । सायल अपनी खातेदारी में आवागमन हेतु रोही मौजा 21 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 19/19 प0न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 23, 24, 25 में से दक्षिण दिशा में में 1–1 बिस्वा रास्ता पूर्व से पश्चिम दिशा में स्वीकृत कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है। जिसके लिए गैरसायल स0 1 ता 3 व तरतीबी प्रतिवादीगण द्वारा जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करने का निवेदन किया है। सायल व तरतीबी गैरसायल रास्ते के बदले अपनी कृषि भूमि 21 जे.एस.एन. तहसील नोहर के

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.18 15:30:04 IST
Reason: SelfAttested

खाता स0 32/37 के प0 न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 2,9,12,19,22 में प्रत्येक किला में 0.0078 हैक्ट पूर्वी दिशा में दक्षिण से उतर की भूमि जो गैर सायल स0 1 ता 3 के चिपते हुए है गैरसायलान स0 1 ता 3 को देने को तैयार है। इस प्रकार प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 क आरटीएक्ट उपरोक्त विवेचानुसार स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नोहर को आदेशित किया जाता है कि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन न हो तो वे रोही मौजा 21 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 19/19 प0न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 23, 24, 25 में से दक्षिण दिशा में में 1–1 बिस्वा रास्ता पूर्व से पश्चिम दिशा में स्वीकृत कर राजस्व रिकार्ड में गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करें तथा रोही मौजा 21 जे.एस.एन. तहसील नोहर के खाता स0 32/37 के प0 न0 319/409 मु0न0 64 के किला न0 2, 9, 12, 19, 22 में प्रत्येक किला में 0.0078 हैक्ट भूमि पूर्वी दिशा में दक्षिण से उतर में सायल नरेश कुमार व तरतीबी गैरसायल राजबाला का नाम कलमजन किया जाकर गैरसायल स0 1 ता 3 के नाम ब.हि.ब. राजस्व रिकार्ड में दर्ज करें।

निर्णय आज दिनांक 27/01/23 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सत्यनारायण)
R.A.S
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर जिला हनुमानगढ़

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.18 15:30:04 IST
Reason: SelfAttested